# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में जनहित के कई महत्वपूर्ण फैसलें लिए गये। एक रिपोर्ट–

***आज हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों और उनके आश्रित परिवारों को सरकारी के साथ–साथ निजी अस्पतालों में भी कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले वर्ष इसकी घोषणा की थी जिसपर आज कैबिनेट ने मुहर लगा दी। इससे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा से जुड़े लगभग पन्द्रह लाख शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी लाभान्वित होगें। इलाज की दरें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा तय मानको के अनुसार होंगी। कैबिनेट ने पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से विस्थापित हिन्दू–बंगाली परिवारों के पुनर्वासन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी । कैबिनेट ने अमृत 2.0 के तहत वाराणसी में सीवर परियोजना को भी स्वीकृति दे दी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया। एक रिपोर्ट–

**आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें घरेलू मांग का महत्वपूर्ण योगदान है। निजी उपभोग और पूंजी निर्माण से वृद्धि को समर्थन मिल रहा है, जबकि आपूर्ति पक्ष में सेवाओं का योगदान प्रमुख बना हुआ है। विनिर्माण गतिविधि मजबूत हुई है और कृषि क्षेत्र ने स्थिरता प्रदान की है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश का हाल का आर्थिक प्रदर्शन दर्शाता है कि वैश्विक उथल–पुथल के बावजूद व्यापक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि को बनाए रखा जा सकता है। अनुकूल मानसून परिस्थितियों के सहयोग से वित्त वर्ष 2025–26 में कृषि और संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि तीन दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित कुल महंगाई दर घटकर एक दशमलव सात प्रतिशत रह गई है, जिसका मुख्य कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में सुधार रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बने रहने का अनुमान है। आनंद और भूपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।**

वित्त मंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए जाने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब रविवार को होगी। इस दिन केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताइस पेश किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता आत्मविश्वासपूर्ण, प्रतिस्पर्धी और उत्पादक भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट सत्र के दूसरे दिन आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

**इस क्वार्टर के प्रारंभ में ही भारत और यूरोपीय यूनियन का प्रीपेड एग्रीमेंट आने वाली दिशाएं कितनी उज्जवल है उसकी एक झलक है। ये फ्री ट्रेड फॉर एमबिशियस भारत है, यह फ्री ट्रेड फॉर एसपिरेशनल यूथ है, ये फ्री ट्रेड फॉर आत्मनिर्भर भारत है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते से एक नया बाजार खुल गया है और देश के निर्माताओं को इसका लाभ उठाना चाहिए।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सर्वधन नियम–दो हजार छब्बीस' को स्थगित करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने नियमों पर कुछ आपत्तियां व्यक्त कीं, जिन्हें सामान्य वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया। न्यायालय ने सुझाव दिया कि प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा नियमों की समीक्षा की जानी चाहिए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ दो हजार छब्बीस के विनियमों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने आदेश दिया कि इस बीच वर्ष दो हजार बारह के यूजीसी विनियम लागू रहेंगे।

**********

थाईलैंड की रानी चखुन सिनिनात वांगवजीरापकडी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान आज कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विशेष पूजा की। इसके बाद उन्होंने रामाभार स्तूप का भी भ्रमण किया। थाईलैंड की रानी सत्तर सदस्यीय दल के साथ कल कुशीनगर पहुंची थीं।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में कुछ स्थानों पर कल घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं इकतीस जनवरी को भी घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी गई है।

**********